हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026

04 शिकायतकर्ता की संतुष्टि निस्तारण का बन रहा...




07 जनवरी में भी सीप नदी का बंजारा डैम ओवरफ्लो...





## खबर संक्षेप

### परीक्षा की तैयारी के लिए 5 को समीक्षा बैठक का आयोजन होगा

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की अध्यक्षता में 05 जनवरी को सुबह 11 बजे रवीन्द्र भवन सागर में परीक्षा की तैयारी हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिले के शासकीय उमावि / हाईस्कूल के प्राचार्य शामिल होंगे। बैठक में वर्तमान सत्र में परीक्षा परिणाम वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा। 2. विगत वर्ष 2025 का विषयवार, शिक्षकवार (कक्षा 10वीं एवं 12वीं) परीक्षाफल की जानकारी। परीक्षा पे चर्चा विद्यार्थी एवं शिक्षकों के पंजीयन की समीक्षा। निःशुल्क साईकिल वितरण 2025-विद्यार्थियों को साईकिल वितरण एवं चेचिस नंबर की प्रविष्टी की समीक्षा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन प्रारंभ

**सागर।** सागर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती प्रकिया प्रारंभ की गई है। जिले में कुल 101 पदों पर नियुक्तियों की जाएंगी जिसमें 36 आंगनवाडी कार्यकर्ता और 65 आंगनवाडी सहायिका शामिल हैं। यह भर्ती प्रक्रिया एम.पी. ऑनलाईन द्वारा निर्मित चयन पोर्टल के माध्यम से पूरी की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यार्थी 31 दिसम्बर से एम.पी. ऑनलाईन के चयन पोर्टल पर आवेदन कर सकतीं हैं। आवेदन पत्र की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है। एवं आवेदन पत्रों में त्रुटि सुधार 12 जनवरी तक किया जा सकेगा। नियुक्ति से संबंधित सभी नियम, निर्देश, शर्तें आवेदन का प्रारूप शैक्षणिक योग्यता और अन्य आवश्यक अर्हताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर उपलब्ध है।

### महापौर ने की कर्मचारियों को वेतन देने हेतु अनुदान की राशि अग्रिम देने मांगी

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पत्र लिखकर नगर निगम कर्मचारियों को वेतन देने देने के लिए सागर नगर निगम को प्रदान की जाने वाली अनुदान की राशि अग्रिम देने की मांग की है। महापौर ने पत्र में लेख किया है कि नगर पालिक निगम सागर में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का विगत माहों से वेतन भुगतान लंबित है, निरंतर भुगतान न होने से कर्मचारियों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जा रहा है तथा कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। वर्तमान में निगम की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से वेतन भुगतान करने में कठिनाई हो रही है। अतः आपसे अनुरोध है कि सागर नगर पालिक निगम सागर को मिलने वाले अनुदानों को अग्रिम के रूप में प्रदान करने की कृपा करें ताकि कर्मचारियों का लंबित वेतन भुगतान किया जा सकें।

### शासकीय अस्पतालों में टीबी रोग का उपचार निःशुल्क उपलब्ध

**सागर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोर ने बताया कि टीबी संक्रमण बीमारी है। खांसी, बुखार आना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते है। टीबी कोई भयानक बीमारी नहीं है, टीबी का ईलाज संभव है। व्यक्ति को 6 माह डॉट पद्धति का ईलाज लेना अनिवार्य है। प्रत्येक क्षय रोगी को ईलाज लेने पर 500 रूपये पोषण के लिये प्रदान किये जाते है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी से बचने के लिये सभी स्वास्थ्य सेवायें जिला अस्पताल, सिविल हॉस्पिटल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र संस्थाओं पर संपर्क कर टीबी की जांच व उपचार से बीमारी पर रोक लगाई जा सकती है।

---

**नगर निगम द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने शहर की पानी टंकियों की स्वच्छता व्यवस्था जांची**

## निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त उतरे सफाई कराने, करीला स्थित पानी की टंकी में साफ-सफाई करके किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा शनिवार को शहर की सभी प्रमुख पानी टंकियों की विशेष सफाई कराई गई। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार जलप्रदाय शाखा द्वारा राजघाट से भरने वाली पानी टंकियों की व्यापक सफाई कराई गई, जिससे शहर के समस्त वार्डों में होने वाली जलापूर्ति पूरी तरह स्वच्छ रह सके। पानी की टंकियों की सफाई कार्य का विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री के साथ रविदास वार्ड स्थित करीला पानी टंकी का निरीक्षण किया इस दौरान निगम अध्यक्ष एवं निगमायुक्त ने स्वयं टंकी में उतरकर टंकी की सफाई कर श्रमदान किया।

निरीक्षण के दौरान विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शहर के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता हो इसलिए नगर निगम द्वारा सभी पानी की टंकियों की सफाई की जा रही है। उन्होंने नगर निगम, टाटा एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी पाईप लाईन में लीकेज न हो



अगर कभी भी लीकेज की शिकायत मिले तो अविलंब उसे ठीक कराएं इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अन्यथा जो भी अधिकारी जिम्मेदार होगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम, टाटा, एमपीयूडीसी एवं सीवर प्रोजेक्ट के अधिकारी समन्वय स्थापित कर पाईप लाईनों की जांच करें जिससे कहीं भी दूषित पानी की सप्लाई न होने पाएं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई भी कराएं।

वृंदावन अहिरवार ने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और नगर निगम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि यदि कहीं पाइपलाइन लीकेज, गंदा पानी अथवा अन्य समस्या दिखाई दे तो तुरंत नगर निगम को सूचना दें, ताकि समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके । उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु सभी टंकियों की सफाई कराई जा रही है जिसके तहत हम लोग भी टंकी में नीचे उतरे और निरीक्षण कर सफाई की।

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि नगर निगम शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पानी की टंकियों में समय-समय पर सफाई कराना अनिवार्य है ताकि गंदगी, कीचड़ एवं अन्य अवांछित तत्वों के कारण पेयजल दूषित न हो। उन्होंने टाटा, एमपीयूडीसी, सीवर प्रोजेक्ट एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज या गंदे पानी की शिकायतें प्राप्त हों, वहां तत्काल मरम्मत की जाए और पानी की गुणवत्ता की जांच के पश्चात ही सप्लाई प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि जलप्रदाय व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी वार्डों में टंकी की सफाई के साथ-साथ वाल्व चैंबर, फिल्टर यूनिट एवं पंप हाउस की भी जांच कराई गई है। इसके अतिरिक्त जलप्रदाय शाखा द्वारा पानी की गुणवत्ता की नियमित सैंपलिंग की जा रही है। टंकियों की सफाई कार्य के दौरान जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, कर्मचारी एवं वार्ड स्तर पर नियुक्त कर्मचारी उपस्थित थे।



## अंतरराष्ट्रीय शतरंज मंच पर भौतिक सिंह जाट 6 वर्ष की उम्र में सागर का सितारा चैम्पियन

**सागर।** सागर जिले के 6 वर्षीय प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ी भौतिक सिंह जाट ने इतनी कम उम्र में वह उपलब्धि हासिल की है, जो बड़े-बड़े खिलाड़ियों का सपना होती है। भौतिक ने क्लासिकल शतरंज में 1420 फाइड रेटिंग तथा रैपिड शतरंज में 1451 फाइड रेटिंग प्राप्त कर जिले, प्रदेश और देश का नाम गौरवान्वित किया है। भौतिक ने मदुरै (तमिलनाडु) में आयोजित 7 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में सहभागिता की, जिसमें लगभग 2500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता चार श्रेणियों में आयोजित हुई, जिसमें 15 से अधिक देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इतनी छोटी उम्र में इस स्तर की प्रतियोगिता में खेलना अपने आप में असाधारण उपलब्धि है। यह सफलता जिला शतरंज संघ, सागर के सचिव नितिन चौरसिया के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है, जो जिले के गांव-गांव और शहर-शहर में शतरंज को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा खिलाड़ियों को निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। भौतिक वर्तमान में स्वदेश चेस अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जहाँ उन्हें कोच योगेश सर एवं राजा सर से उच्च स्तरीय और अनुशासित प्रशिक्षण मिल रहा है। वे वात्सल्य स्कूल, सागर के छात्र हैं।इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता संदीप सिंह जाट एवं रचना जाट का विशेष योगदान रहा है, जिन्होंने हर कदम पर भौतिक का उत्साह बढ़ाया। 3 वर्षीय छोटी बहन सिया जाट भी शतरंज खेलती हैं और भौतिक के निरंतर प्रेरणा बनी हुई हैं।



## भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में सर्व समाज ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**रहली।** ग्राम पटना बुजुर्ग स्थित श्री देव जानकी गायत्री रमन मंदिर परिसर में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में एक प्रेरणादायी शराबबंदी एवं नशामुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के सैकड़ों नागरिकों ने एकजुट होकर शराब न पीने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए न केवल संकल्प लिया, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के पश्चात पूरे ग्राम में नशामुक्ति संदेश के साथ जुलूस निकाला गया, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सहित सर्व समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान "नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो", "शराब नहीं, संस्कार चाहिए", जैसे नारों से पूरा ग्राम गुंजायमान हो उठा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शराब न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को भी अंधकार की ओर ले जाती है। शराबबंदी से घरेलू हिंसा, आर्थिक तंगी और सामाजिक अपराधों में कमी आती है। भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि संगठन का उद्देश्य मानव जीवन को संस्कारवान, स्वस्थ और नशामुक्त बनाना है, और ऐसे अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे। ग्रामवासियों ने संगठन के इस प्रयास की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## मुख्यमंत्री के खुरई कार्यक्रम के प्रचार रथ को अविराज सिंह ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी 10 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खुरई आगमन को लेकर किये जा रहे प्रचार रथ को युवा भाजपा नेता अविराज सिंह ने झंडा चौक पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही क्षेत्र में नागरिकों को आमंत्रण पत्र भेंट कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पधारने का अनुरोध किया। संगीतमय श्रीमदभगवत कथा और श्रीराम कथा के तीन धार्मिक आयोजन में संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि धर्म और सेवा की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है।अविराज सिंह कथावाचक पंडित लक्ष्मी नारायण पांड़े महाराज के द्वारा मां हरसिद्धि मैरिज हॉल, सुमरेरी तिगड्डा में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, यादव मंदिर किले के सामने खुरई में महिला मंडल खुरई द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा और श्री शिव बालाजी मंदिर, मंडी रोड, मखर्जी वार्ड, खुरई में विश्व कल्याण एवं शांति हेतु संगीतमय श्रीराम कथा



एवं रामचरितमानस प्रवचन ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए। तथा अंत में कथावाचक पंडित देव कुमार मिश्रा जी द्वारा श्री शिव बालाजी मंदिर, मंडी रोड, मखर्जी वार्ड, खुरई में विश्व कल्याण एवं शांति हेतु संगीतमय श्रीराम कथा एवं रामचरितमानस प्रवचन ज्ञान यज्ञ में शामिल हुए जहो उन्होंने उद्बोधन दिये। अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागृह में हुआ, बाल्यावस्था में कालिया नाग जैसे दुष्ट से युद्ध किया और जीवन भर संघर्षों का सामना किया, लेकिन उनके मुख से कभी मुस्कान नहीं गई। उन्होंने धैर्यपूर्वक हर संकट को स्वीकार किया और निरंतर आगे बढ़ते रहे। यही प्रेरणा हमें भी अपने जीवन में अपनानी चाहिए कि कैसी भी परिस्थिति हो, संकट कितना भी बड़ा हो, मुस्कुराकर उसका सामना करें। अविराज सिंह ने जानकारी दी कि रुद्राक्ष धाम, सागर में आगामी 31 जनवरी से 6 फरवरी तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन प्रस्तावित है, जबकि 1 फरवरी को नवनिर्मित श्री दक्षिणमुखी हनुमान जी मंदिर में भव्य प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होगा।

## पश्चिम की चकचौंध से दूर होकर लोग, आज धर्म के रास्ते पर बढ़ रहे हैं आगे : डॉ. भावुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आज पूरा विश्व बदलाव चाहता है क्योंकि संपूर्ण विश्व हिंसा, आतंक और युद्ध की विभीषिकाओं से जूझ रहा है लेकिन भारत के लोग शांत, अहिंसा और भाईचारा पर विश्वास रखते हुए प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। आज लोग धर्म के रास्ते पर आगे बढ़ रहें हैं पश्चिम की चकाचौंध से दूर होकर लोग नए वर्ष पर मैं देख रहा हूं कि धार्मिक स्थानों पर ज्यादा पहुंच रहे हैं क्योंकि ये लोग मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा में ही शांति को खोज रहे हैं।

आज समाज को मार्गदर्शन देने के लिए कवियों, साहित्यकारों, धार्मिक गुरुओं को आगे आकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए क्योंकि समाज आज भटकाव के रास्ते पर है। यह विचार सागर से डॉ सीताराम श्रीवास्तव भावुक ने रखे, वह बुंदेलखंड हिंदी साहित्य संस्कृति विकास मंच सागर की शनिवार को आयोजित साप्ताहिक 1616 वीं संगोष्ठी और ऑनलाइन 294 वीं काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। सागर से अमित मणीकांत चौबे ने काव्य पाठ करते हुए संगोष्ठी का संचालन किया। दमोह से डॉ प्रेमलता नीलम ने भक्ति-भाव से माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इसके पूर्व अपने स्वागत भाषण में टीकमगढ़ से मुन्नालाल मिश्रा ने स्वागत की परंपरा का निर्वाह करते हुए समस्त साहित्य मनीषियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें आजाद देश के आदर्श और नैतिक मूल्यों के लिए देश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए भौतिक विमर्श, चिंतन और राष्ट्रव्यापी आयाम लेकर आगे की जरूरत है यही भारत माता की आवाज है।

रायसेन से चित्रा चतुर्वेदी ने समस्त उपस्थितों का आभार व्यक्त किया।इस गोष्ठी में काव्यपाठ हेतु बड़ा मलहरा से डॉ देवदत्त द्विवेदी सरस, टीकमगढ़ से राजेन्द्र चतुर्वेदी लाल, झारखंड से किरण राज, खुरई से डॉ राजेन्द्र मलैया नमन, रीवा से डॉ बारेलाल जैन, सागर से साहित्य मनीषीगण पूरन सिंह राजपूत, देवकीनंदन रावत, डॉ सुनीला सराफ, नईम माहिर ने काव्यपाठ किया। संगोष्ठी में उपस्थित साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजनों में सागर के सम्माननीय साहित्यकार गण एड केके सिलाकारी, पं शुकदेव तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी, कृष्णकांत बख्शी, अजय सराफ, उमाकांत मिश्र उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया।

## सफाई मित्र कोने-कोने पर नजर बनाये रखते हुए शहर को सब ओर से साफ-स्वच्छ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं : निगमायुक्त

**सागर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत प्रत्येक पहलु को ध्यान में रखते हुए शहर की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करें उक्त निर्देश निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीली कोठी से डिग्री कॉलेज रोड के डिवाइडरों की प्रेसर मशीन के माध्यम से की जा रही धुलाई-सफाई देखी और सफाई कर्मियों को डिवाइडरों के पेड़-पौधे भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की डिवाइडर की धुलाई के साथ-साथ पौधों में भी पर्याप्त पानी का छिड़काव करते जाएँ इससे पौधों और पत्तियों पर जमी धूल भी साफ होगी और उन्हें आवश्यक पानी भी मिलेगा। उन्होंने कहा की डिवाइडर के दोनों तरफ और सडक के किनारे फुटपाथ के आस-पास धूल का एक कण भी न छोड़े, रोडों को धोकर चकाचक साफ करें यह प्रक्रिया समय-समय पर दोहराते रहें ताकि डिवाइडरों के पास धूल मिट्टी जमा न होने पावे। सड़के धूल मुक्त होने से वाहनों की आवाजाही के दौरान धूल उड़कर हवा में नहीं घुलेगी और स्वच्छ वायु गुणवत्ता के लक्ष्य को पाने में सहयोग मिलेगा।

## जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार का तीसरा सप्ताह उपभोक्ताओं से अधिक सहभागिता की अपील

**सागर।** कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना सागर की संयुक्त पहल पर संचालित जैविक/प्राकृतिक हाट बाज़ार का तीसरा साप्ताहिक आयोजन आगामी रविवार, 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। यह हाट बाज़ार पूर्व की भांति पीटीसी ग्राउंड के समीप आयोजित होगा, जहाँ जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान अपने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएंगे।हाट बाज़ार में जैविक अनाज, दालें, सब्ज़ियाँ, फल, मसाले, घी सहित विभिन्न रसायन-मुक्त एवं प्राकृतिक खाद्य उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध रहेंगे। उपभोक्ताओं को शुद्ध, ताज़ा और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर सीधे किसानों से प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।




## घंटी बजाकर मंत्री विजयवर्गीय, महापौर व पार्षदों को तत्काल बर्खास्त करने की पुरजोर मांग उठाई

**मालथौन।** इंदौर के भगीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई दर्दनाक घटना तथा पत्रकार द्वारा पूछे गए जनहित के सवालों पर असंवेदनशील, अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने वाले नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ युवा कांग्रेसियों ने सागर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष संदीप चौधरी एवं युवा कांग्रेस खुरई विधानसभा अध्यक्ष अमन लोधी के नेतृत्व में मालथौन बीना रोड पर भाजपा सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त कर जमकर नारेबाजी करते हुए घंटी बजाकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर व पार्षदों को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सन्दीप चौधरी ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी से कई मौतें हुई हैं और बड़ी संख्या में लोग बीमार हुये हैं यह हादसा नहीं भाजपा सरकार की बड़ी लापरवाही है। इंदौर के लोग गंदे पानी पीने को मजबूर है और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की असंवेदनशील, अमर्यादित एवं अशोभनीय बयान को युवा कांग्रेस किसी भी सूरत में वर्दाश्त नही करेंगी। खुरई विधानसभा अध्यक्ष अमन लोधी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करतें हुए मांग उठाई कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर व पार्षदों की जवाबदेही तय कर सभी को तत्काल पदों से बर्खास्त किया जावें। बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता ने इंदौर की घटना व भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर हमला बोला हैं। प्रदर्शन में इंद्र भूषण तिवारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह लोधी, प्रान सिंह लोधी मुकेश लोधी, सुनील अहिरवार, हरविंद्र सिंह लोधी, रघुनाथ लोधी, राजू अहिरवार, अजब सिंह, जालम सिंह आदिवासी, सौरभ लोधी, रोहित लोधी, राममिलन लोधी, निखिल यादव, कृष्ण लोधी, अजय पाण्डे, अन्नू ठाकुर, सिद्धांत तिवारी आदि मौजूद थे।

**नगर निगम कर्मचारियों के मांगों को लेकर अंबेडकर की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपा**

## गुरुद्वारा पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम के अधिकारियों को सद्बुध्दि प्रदान करने प्रार्थना की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम कर्मचारियों की वेतन सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ द्वारा गांधीवादी तरीके से आंदोलन किया जा रहा है। आंदोलन के छठवें दिन शनिवार को अजाक्स के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल चौधरी के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवानगंज स्थित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपा और भगवानगंज स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुद्धि प्रदान करने हेतु प्रार्थना की ।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, सईद उद्दीन कुरैशी, आनंद मंगल गुरु एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने संयुक्त रूप से कहा कि आंदोलन के तहत सभी कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं




रचनात्मक गतिविधियां की जा रही हैं । शनिवार को अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भगवानगंज स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा को ज्ञापन सौंपा एवं गुरुद्वारा पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा नगर निगम सागर के अधिकारियों को सदबुध्दि प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई । कर्मचारी संघ की प्रमुख मांगों में लंबित वेतन देने सहित अन्य कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करना, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा करना, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, कर्मचारियों का शीघ्र रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्रवाई करने तथा लंबित एरियर्स का भुगतान, सेवानिवृत्त कर्मचारिय़ों की जमा राशि का भुगतान शामिल है। कर्मचारी संघ ने कहा है कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। 4 जनवरी रविवार को सुबह 11 बजे म.प्र.नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी एवं विभिन्न कर्मचारी संघों के नेतृत्व में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तहसीली स्थित ज्योति भवन चर्च जायेंगे।

इस अवसर पर अवाक्स के पूर्व अध्यक्ष हीरा लाल चौधरी, शईदउद्दीन कुरैशी, बृजेश तिवारी, देवकुमार चौबे, कुलदीप बाल्मीकि, धर्मेन्द्र बन्टू बोहरे, राजेन्द्र सनकत, रिजवान खान, रज्जन करोसिया, श्री संयम चतुर्वेदी, जावेद खान, रविशंकर श्रीवास्तव, बर्षा समद,अभिलाषा नामदेव उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### एसपी ने परेड की सलामी ली

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम के आयोजन में रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मी से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** तहसील कार्यालय मड़ावरा के बाहर अंधी रफ्तार से भाग रही ईको कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तहसीलदार मड़ावरा ने राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल सरकारी गाड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों घायल बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा में रहने वाले 35 वर्षीय भज्जू निरंजन अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 के 6686 से मड़ावरा तहसील के पास था। तभी पीछे से अंधी रफ्तार भागती आ रही ईको कार संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज टक्कर की आवाज सुनकर अफरा-तफरी मच गयी और तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव भी मौके पर जा पहुंचे, जहां उन्होंने घायल की हालत नाजुक देखते हुये तहसीलदार ने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने बाइक सवार घायल को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चौराहे पर बैठे युवक को धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला लुहरयाना में रहने वाले अनुरूद्ध सिंह पुत्र स्व.रघुनन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया कि पहली जनवरी 2026 की रात करीब 9.10 बजे वह इन्द्रा चौराहा पर स्थित दुकान से सामान लेने के लिए पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद हाकिम सिंह पुत्र भुजबल सिंह, किसरदा निवासी बृजेन्द्र उर्फ वीरेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह एकराय होकर आये और बोले कि इस समय तुम लोगों के दिमाग खराब हो गये हैं। जिस दिन समय आयेगा तो तुम्हें और तुम्हारे लड़के को बीच इन्द्रा चौराहे पर मुर्गा बनाकर जूतों की माला पहनाएंगे।

## जनता दरबार में सबको मिल रहा है त्वरित न्याय

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि निस्तारण का बन रहा पैमाना: जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की दैनिक जनसुनवाई में गरीब, असहाय, जरुरतमंद और किसानों सहित सभी वर्गों को उनकी समस्याओं का त्वरित व स्थायी समाधान मिल रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर की जनता को अपनी समस्या के समाधान के लिए अब यहां-वहां भटकना नहीं पड़ता है, जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते ही वे सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेते हैं और समस्या का त्वरित निस्तारण कराते हैं।

इसी श्रंखला में शुक्रवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें जाखलौन निवासी शिकायतकर्ताओं ने गांव में 10वी पास बच्चों के पंचायत के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र न बनाये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित पंचायत सहायक के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराकर सूचित करें। इसके उपरान्त मौके पर उपस्थित पंचायत सचिवों के समूह को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 1 जनवरी को जनपद के ग्रामों में जो चक व सम्पर्क मार्गों का कार्य शुरु हुआ है, उसे त्वरित गति से पूर्ण करायें।

ग्राम पड़वा, तहसील महरौनी निवासी शिकायकत्री ने उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को दूरभाष पर उक्त भूमि पर अवैध निर्माण रोकने और जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिये।ग्राम मसौरा के ग्रामीणों की चकबंदी सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही जिला चकबंदी अधिकारी को बुलाकर समस्या का समाधान करने व अन्य शिकायतों में मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान कुछ किसान संगठनों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम गदयाना में फसल बीमा योजनान्तर्गत किसी को भी क्षतिपूर्ति की धनराशि नहीं मिली है, साथ ही अन्य ग्रामों में मटर के स्थान पर गेंहू की फसल का बीमा किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित बीमा कम्पनी से समन्वय कर त्रुटियों में सुधार करायें और गदयाना में सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाना सुनिश्चित करें। इसी दौरान पत्रकारगणों ने अवगत कराया कि ठण्ड के कारण जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में छुट्टी के आदेश दिये गए हैं, परन्तु कुछ प्राईवेट विद्यालय अभी भी इस आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सरकारी आदेश न मानने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी करें। ग्राम भारौनी, तहसील महरौनी के ग्रामीणों ने कचनौदा बांध का पानी उनके मकानों तक आने के कारण मकान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की, उन्होंने अवगत कराया कि विगत लगभग 15 साल से उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है, जिस जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई और सम्बंधित पटल सहायक को मौके पर बुलाकर पत्रावली तलब की और क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मदन मोहन गुप्ता, एसओसी राकेश कुमार व जिला सूचना कार्यालय से सुमित कुमार उपस्थित रहे।

## पथ से प्रगति की ओर

# श्रम सेवा राज्यमंत्री ने किया कई ब्रिक्स रोड का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने अपनी विधानसभा महरौनी में पथ से प्रगति की ओर अभियान के अंतर्गत मनरेगा एवं वित्त आयोग द्वारा जिले में 1001 चक मार्ग एवं 601 सीसी पेपर ब्रिक्स रोडों का एक साथ भूमिपूजन किया गया। जिसमें महरौनी विधानसभा के चारों ब्लॉकों की पंचायतों में ग्राम पंचायत पाह, ग्राम पंचायत कुम्हेड़ी, ग्राम पंचायत गिदबाहा एवं ग्राम पंचायत बालाबेहट में जाकर भूमि पूजन किया गया । इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारी केन्द्र की मोदी की सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के नये आयामों को छूने में लगी है । हमारी सरकार में पांच सौ तक की आबादी तक का कोई मजरा नहीं छोड़ा है जहां तक सड़क नहीं पहुंची हो । इस अवसर पर निराश्रितों और जरुरतमंदों को कम्बल भी बांटे गए। भूमि पूजन एवं कंबल वितरण के मौके पर उप जिलाधिकारी पाली एवं तहसीलदार महरौनी व सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी के अलावा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रजऊ राजा मैगुंवा , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, अवध विहारी पटैरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरुण द्विवेदी धर्मेन्द्र राजा गोना, रवीन्द्र राजा परमार मौजूद रहे।

## एक जनवरी की घटना का मामला

# रिपोर्ट के बाद कार्रवाई न होने पर लाठी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा (ललितपुर)



थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रखवारा में एक राय होकर की गई मारपीट, लूट और धमकी की घटना ने क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बना दिया है। मामला केवल दबंगई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पीड़ितों ने पुलिसिया रवैये पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित शिवम पुत्र शिवचरन एवं अंशुल पुत्र सुजान, निवासी थाना मड़ावरा के अनुसार 2 जनवरी को वे अपनी दादी के निधन के बाद दिन का भोजन तैयार कराने हेतु ग्राम रखवारा में हलवाई महेश पटेल के घर गए थे। कार्य समाप्त कर लौटते समय ग्राम रखवारा में स्कूल के सामने हैंडपंप के पास सुदीप यादव, अरबिन्द यादव, कल्लू यादव पुत्र ऊदल, प्रशांत यादव पुत्र सुखपाल यादव, जितेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, रविन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह यादव सहित चार अन्य अज्ञात लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर लाठी डंडों और लात घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान शिवम के गले से लगभग दो तोला सोने की चेन छीन ली गई और अंशुल की जेब में रखे दस हजार रुपये भी लूट लिए गए। हमलावरों ने मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों के पास अवैध तमंचा भी था और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वे मड़ावरा थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी, तो थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें धमकाते हुए थाने से बाहर निकलने को कहा और गालियां भी दीं। पीड़ितों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। एक दिन पहले दिनांक 01 जनवरी 2026 को लाहरधाम में नए वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमानजी के मंदिर पर आयोजित मेले में भी ग्राम रखवारा के कुछ युवकों द्वारा गलत हरकतें की गई थीं। उस दौरान जब प्रार्थियों ने विरोध किया, तो उन्हीं युवकों ने प्रार्थी के भाई के साथ मारपीट की थी। उस मामले में भी मड़ावरा पुलिस को लिखित दरख्वास्त दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों का आरोप है कि न तो 01 जनवरी की घटना पर पुलिस ने कार्रवाई की और न ही 02 जनवरी को हुई गंभीर मारपीट और लूट की घटना पर, बल्कि उल्टे पीड़ितों को ही गालियां देकर भगा दिया गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पीड़ितों का पुलिस और प्रशासन से विश्वास उठ सकता है।

## रणछोड़ धाम मेला आयोजन की तिथि घोषित

# 13 से 20 तक आयोजित होगा रणछोर धाम मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मकर संक्रान्ति के अवसर पर तहसील ललितपुर अंतर्गत रणछोर धाम पर दिनांक 13 से 20 जनवरी 2026 तक लगने वाले वार्षिक मेले के आयोजन की व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों व मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन की रणनीति तय की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश जी ने निर्देश दिये कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं, इसलिए किसी भी व्यवस्था में चूक नहीं होनी चाहिए, उन्होंने अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकीर सदर व क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देश दिये कि वे कल ही मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले लें, इसके बाद जिलाधिकारी स्वयं भी आगामी तिथियों में निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मेले की भव्यता को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों की पूर्ति करें, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थायी पुलिस चौकी सहि पर्याप्त पुलिस फोर्स, नावों, गोताखोरों, आपदा मित्रों की व्यवस्था करायें। पेयजल हेतु जल संस्थान टैंकरों की व्यवस्था कराये, सम्पर्क मार्ग की मरम्मत हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही मेला परिसर में अस्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु मेला समिति को निर्देश दिये कि वे ऑनलाइन आवेदन कर दें। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि मेला परिसर में सफाई हेतु शिफ्टवाइज सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगायें तथा यातायात व्यवस्था के लिए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत मेला परिसर में ही खोया पाया कार्यालय व माइक सिस्टम की व्यवस्था करें। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस 24 घण्टे तैनात रहने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सदर सहित अन्य अधिकारीगण व मेला समति के पदाधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सात श्री अकाल के जयकारों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा

# शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत



**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर एक विशाल शोभायात्रा जो कि गुरु नानक धर्मशाला आजादपुरा से प्रारंभ हुई इस विशाल शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर पांच निहंग सिंह निशान साहिब (धर्म ध्वजा) लिए हुए आगे चल रहे थे उनके पीछे गुरबाणी कीर्तन करते हुए बैंड गायक अपने साथियों के साथ रथ व बग्गियों पर सवार दसों गुरुओं की झांकी व बाबा दीप सिंह जी की झांकी भी चल रही थी। बीच में धमाल बैंड भी अपना करतब दिखा रहे थे। इसके पीछे डीजे के साथ पंजाब के नवा शहर से पधारे इंटरनेशनल दिलेर खालसा की गतका पार्टी (अखाड़ा पार्टी) चल रही थी, जिसने की हैरत अंग्रेज कारनामे दिखाएं।

उन्होंने जेसीबी व बुलेट मोटरसाइकिल पर भी अपने कर्तव्य दिखाएं। उनके पीछे पानी के टैंकर के साथ महिलाएं झाड़ू के साथ सफाई करती हुई चल रही थी। महिलाओं के पीछे पालकी साहिब के आगे महिलाएं पुष्प वर्षा करते हुए चल रही थी, उसके बाद पंच प्यारे गुरु ग्रंथ साहिबजी की अगुवाई में चल रहे थे व फूलों से सजी पालकी साहब की बस, जिसमें की श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी शोभायमान थे। पालकी साहब के पीछे संगत गुरबाणी कीर्तन करती हुई। चल रही थी जगह-जगह स्वागत द्वारा लगा कर सिख समाज की शोभायात्रा का स्वागत किया जा रहा था।

राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन, श्रीदिगंबर जैन पंचायत समिति, भारत बाजार, सरदार हरजीत सिंह, अनिल जैन अंचल, प्रदीप सेनी, विश्वकर्मा समाज, सुनील सैनी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा, नपा, हिन्दू जागरण मंच, सिंध स्टोर, श्रीरामलीला हनुमान जयंती समित, आशीष चौबे परिवार, स्टार हेल्थ परिवार लवशीत सिंह अरोड़ा,, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, नामदेव समाज, द सरदार अवतार सिंह द्वारा स्वागत स्वागत किया गया।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला जलाया, इस्तीफा मांगा

**विदिशा।** इंदौर में दूषित पानी पीने से बीमार हुए 14 नागरिकों की मौत के मामले को लेकर शुक्रवार को विदिशा में युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

युवक कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन विदिशा के नीमताल चौराहे पर किया गया। पहले से तैनात पुलिस बल मौके पर मौजूद था। जैसे ही कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाई, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वाटर कैनन का प्रयोग किया। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतले में आग लगाए जाने के बाद पुलिस ने पानी के बौछार और वाटर कैनन की मदद से आग को बुझा दिया, जिससे मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। युवक कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतें शासन-प्रशासन की लापरवाही का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि इतने बड़े हादसे के बावजूद सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इंदौर के प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री मोहन यादव होने के बावजूद इस मामले में सरकार ने जिम्मेदारी नहीं निभाई। युवा कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जब पत्रकारों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस मामले पर सवाल पूछे तो उन्होंने अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया।

### अभा साहू वैश्य महासभा का जनप्रतिनिधि सम्मेलन व सम्मान समारोह संपन्न



**ललितपुर।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा का बुन्देलखण्ड प्रतिनिधि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शिवधाम कुण्डेखर में समपन्न हुआ। मुख्य अतिथि साहू वैश्य महामभा चेयरमैन प्रकाशचन्द्र साहू, अतिथि दीनदयाल साहू राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राजेश माहू प्रदेश अध्यक्ष, अशोक साहू बुन्देलखण्ड अध्यक्ष रहे। मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश राहुल ने कहा कि साहू समाज को एक जुट होकर आगे बढन्ना होगा। कहा कि साहू समाज को व्यापार के साथ-साथ राजनैतिक चेतना के लिये आगे आना होगा। वही दीनदयाल साहू ने कहा कि हमारी समाज में जन्मे महापुरुषों ने समाज का गौरव बढ़ाया है। बुन्देलखण्ड अध्यक्ष अशोक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आशीष रावत, सहावेन्द्र प्रताप सिह गहरवार, हरिचरण नामदेव, रघुवीर साहू (कवि) भोपाल, राज साहू, बब्लू साहू, मनोज साहू, शंकर साहू, सुधीर साहू, विक्की साहू, नवीन साहू नेताजी, प्रकाश चन्द्र राहुल, अशोक दाऊ, महावीर साहू, मुन्ना साहू, सुरेश साहू, गणेश साहू, महेश साहू, सन्तोष साहू, विहारीलाल साहू, रविशंकर साहू, मुकेश साहू (एड.) राजेश साहू नेताजी, सुधीर साहू, अंचल साहू, कन्छेदीलाल साहू, रामेश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, प्रमेश, श्रीराम साहू, मनोज साहू, हरिओम साहू सहित भारी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित रहे। संचालन अशोक साहू ने किया।

# नाली से जल निकासी का फर्जी निस्तारण का आरोप

**ललितपुर।** गांव में डाली गयी पेबर ब्रिक्स की सड़क निर्माण के दौरान बनायी गयी नाली बंद होने से जल निकासी न होने और आये दिन होने वाले झगड़ों से आजिज आकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस प्रकरण में ग्राम पंचायत मुहारा निवासी तुलसीराम गोस्वामी ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत के आधार पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मौके पर निरीक्षण कर फर्जी व अस्पष्ट आख्या लगाकर निस्तारण करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता तुलसीराम गोस्वामी ने अब जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे शिकायती पत्र में विकास खण्ड जखौरा के ग्राम खिरियाखुर्द की ग्राम पंचायत मुहारा निवासी तुलसीराम गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में श्रीकृष्णकांत गोस्वामी के मकान से शिवदयाल यादव के मकान तक जो पेबर ब्रिक्स रोड डाला गया है, उसमें पानी की निकासी के लिए छोटी सी सूपा नाली बनायी गयी है। किन्तु उसमें सपोर्ट न लगने के कारण वह बंद हो गयी, जिस कारण उसका पानी आगे नहीं निकल पा रहा है और मोहल्लेवासियों के दरबाजों के सामने पानी भर रहा है। इससे लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। बताया कि 26 दिसम्बर को एडीओ पंचायत जखौरा मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को बताते हुये भरा हुआ पानी भी दिखाया। आरोप है कि निरीक्षण उपरान्त आईजीआरएस पर 29 दिसम्बर को फर्जी व अस्पष्ट निस्तारण कर आख्या प्रेषित कर दी गयी है। प्रकरण में शिकायतकर्ता से न तो सम्पर्क किया गया और न ही निस्तारण की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने डीएम से प्रकरण की जांच करायी जाकर पानी की निकासी अतिशीघ्र कराये जाने की मांग उठायी है।

## पं. रूद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कालेज में हुआ आयोजन

# गर्म वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में रजाई एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों, गरीब महिलाओं, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों एवं छोटे बच्चों को राहत प्रदान करना रहा।

शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत संत गुरुओं एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा पंडित रुद्र नारायण शर्मा एवं माता त्रिवेणी देवी शर्मा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने निभाई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनू चौबे ने की। इस अवसर पर गुरुदेव नरसिंह मंदिर के महंत श्री श्री गंगा दास, तुवन मंदिर के महंत राम लखन दास जी, सर्वेश्वर धाम के जगतगुरु कृष्णानंद जी गिरी, राम बालक दास जी तथा महंत सद्गुमार जी द्वारा गरीब महिलाओं, दिव्यांगों एवं दृष्टिविहीन व्यक्तियों को रजाइयों का वितरण किया गया। वहीं छोटे बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। वितरण पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबले, सप्पू बैरिस्टर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी, राजाराम गोस्वामी, जिला पंचायत सदर राजेश यादव, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरि शंकर साहू, रानू राजा रोड़ा, रामजी यादव, राजेश श्रीवास्तव, चेतन कुशवाह, राकेश शर्मा, प्रमोद सक्सेना एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटेरिया, प्रभु दयाल कुशवाहा, आकांक्षा बुंदेला, अंजलि बुंदेला, संजय राजा, मानसिंह यादव, भज्जू यादव, उधम यादव गंगासागर, विनोद राजपूत सहित अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में सहभागी रहे। समापन पर प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने आभार माना।

## सीप नदी लबालब होने से बढ़ा भूजल स्तर, छोटे किसान परेशान

# जनवरी में भी सीप नदी का बंजारा डैम ओवरफ्लो, कहीं खुशी कहीं गम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अमूमन सर्दियों के मौसम में सीप नदी करीब आधी सूख जाती है और उसे बचाने की जद्दोजहद प्रशासन की ओर से शुरू हो जाती है। लेकिन इस बार न सिर्फ सीप नदी लबालब भरी हुई है बल्कि बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बह रही है। जनवरी में भी सीप नदी का बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बहना सुखद अनुभूति है लेकिन इसके कारण शहर का भूजल स्तर भी बहुत अधिक बढ़ गया है जिससे ऐसे छोटे किसान जो सीप नदी किनारे या उसके करीब एक किमी के दायरे में खेती बाड़ी कर रहे किसान परेशान हैं उनके खेतों में जमीन के नीचे से निकलने वाली पानी की धारा फसल उपजाने नहीं दे रही है।

अमूमन सर्दियों में सूख जाने वाली सीप नदी इन दिनों जनवरी में भी बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर क्यों बह रही है तो इसका मुख्य कारण तो आवदा बांध से निकलने वाली नहर को माना जा रहा है जो करीब डेढ़ दर्जन गांवों की हजारों बीघा भूमि को सिंचित कर रही है। इस नहर की टेल सीप नदी में आकर मिली है जिससे सीप का पानी बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बह रहा है। साथ ही इस साल आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा भूजल स्तर भी इसका कारण है।अक्टूबर-नवंबर तक खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले पानी की वजह से अमूमन सीप लबालब भरी रहती है। आवदा हैम से कमांड क्षेत्र में छोड़े जाने वाला पानी टेलपोर्सन के बाद जिला मुख्यालय के समीप किला के पास सीप नदी में प्रवाहित होता है जिससे सीप में पानी का लेबल इन दिनों फुल रहता है सीप बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर वह रही है। इससे सीप नदी किनारे के खेतों की भी भरपूर पानी सिंचाई के लिए मिल रहा है लेकिन कई जगह भूजल स्तर आशा के विपरीत बढ़ जाने से खेत तालाब बने हुए हैं।



### इसलिए शहर के लिए जीवनदायिनी

होकर यह रही है जिससे श्योपुर से आवदा तक करीब 25 किमी का सफर तो औसत 20 फीट गहराई के साथ पूरा करती है जिसका मुख्य कारण बंजारा डैम है। इस 25 किमी के सफर में सीप कई गांवों से होकर बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर नीचे गिरती है जो शहरी क्षेत्र का भूजल स्तर बनाए रखने में सहायक है। इसलिए ही सीप नदी को शहर के लिए जीवनदायिनी माना गया है।

### नदी किनारे के किसान परेशान

उधर शहर का भूजल स्तर बढ़ने से नदी किनारे खेती करने वाले किसान परेशान है यही नहीं नदी के 1 किलोमीटर एरिया क्षेत्र में खेतों में जमीन से पानी ऐसे निकल रहा है जैसे वहां झरन फूट गई हो जिससे उक्त स्थान पर खेती करना मुश्किल हो गया है। इसकी बानगी शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23 गुलाब बाड़ी क्षेत्र में देखने को मिल रही है यहां बीघा दो बीघा जमीन के टुकड़े पर खेती करने वाले गरीब माली समाज के किसान इन दिनों हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं क्योंकि उनके खेतों में पानी अपनी जमीन से निकलकर फसल को बर्बाद करने का काम कर रहा है यही हालत मलपुरा से सेमलदा सहित नदी किनारे बसे गांवों की हालत है।

### इनका कहना है

हमारी जमीन जो नदी किनारे पर हैं हालांकि खेत से नदी करीब 5 फीट नीचे है इसके बावजूद खेतों में स्वतः ही पानी निकल रहा है जिससे आलू की फसल बर्बाद हो चुकी है दूसरी फसल भी नहीं लग पा रही हैं।

मुरारी सुमन
किसान गुलाब बाड़ी क्षेत्र वार्ड नं 23 श्योपुर

---

## हिंदू सम्मेलन को लेकर निकाली गई झंडा यात्रा

# सोंईकलां में हिंदू सम्मेलन का आयोजन आज, दो स्थानों से निकलेगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के क्रम में रविवार 4 जनवरी को सोंईकलां कस्बे में मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सोंईकलां कस्बे समेत आसपास के दस गांवों के हिंदू समाज के लोग भागीदारी करेंगे। इस हिंदू सम्मेलन को लेकर शनिवार को सोंईकलां में झंडा यात्रा निकाली गई। डीजे के साथ निकाली गई इस झंडा यात्रा में बडी संख्या में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति पदाधिकारी व ग्रामीण युवा शामिल थे।

गांवघेर के बालाजी से आरंभ हुई यह झंडा यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। इस झंडा यात्रा में डेढ सैकडा से अधिक लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान हाथो में भगवा झंडे लेकर चल रहे लोग कस्बेवासियों से 4 जनवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने का आग्रह करने का संदेश देते चल रहे थे। हिंदू सम्मेलन समिति के मुताबिक 4 जनवरी को हिंदू सम्मेलन यहां हायरसेकंडरी स्कूल के सामने स्थित श्री जानकी मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएग। इसका शुभारंभ सुबह 11 बजे कलश यात्रा निकाले जाने के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा दो स्थानों से निकाली जाएगी। गांवघेर स्थित बालाजी गार्डन तथा सब्जी मंडी मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर से आरंभ होने वाली यह कलश यात्रा अलग अलग मार्गो से होकर गुजरेगी और गाजेबाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगीं,जहां संतो के मार्गदर्शन में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### यहां आज होगा हिंदू सम्मेलन, जैनी में 11 को

पांडोला, आवदा, विजयपुर और चंद्रपुरा में भी 4 जनवरी रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसकी भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चारो जगहों पर हिंदू सम्मेलन की शुरूआत कलश यात्रा निकाले जाने के साथ होगी। बताया गया है कि 5 जनवरी को दांतरदा और 11 जनवरी को जैनी में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

---

## सीएमओ ने ली निकाय के पंप चालकों की बैठक

# पेयजल आपूर्ति मूलभूत सुविधा में शामिल है इसे गंभीरता से लें: यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



पेयजल आपूर्ति लोगों को संविधान में मिली मूलभूत सुविधाओं में शामिल है ना सिर्फ जलापूर्ति बल्कि उन्हें शुद्ध पानी मुहैया कराना भी इसमें शामिल है। इस काम में लापरवाही बरतने वालों पर कोई रहम नहीं किया जाएगा। अगर कहीं लीकेज वगैरा दिखे तो उसे तत्काल ठीक कराएं, कई जगह नालियों में नल लगे हुए हैं उन्हें बाहर निकलवाकर लगवाएं। यह बात शनिवार को सीएमओ आरआर यादव ने नगरीय क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए वॉटरवर्क्स पर तैनात किए गए पंप चालकों को व जल कार्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कही।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर सीएमओ आरआर यादव ने शनिवार को निकाय के विभिन्न वार्डो में पेयजल सप्लाय करने वाले समस्त पम्प चालको की आवश्यक बैठक आयोजित कर वार्डो में निर्धारित समय पर पेयजल सप्लाय करने पानी की शुद्धता पर विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देश दिये। सीएमओ ने कहा कि, हमारी पहली प्राथमिकता है श्योपुर नगर के नागरिको को सभी मूलभुत सुविधाये समय पर उपलब्ध करना जिसमें पेयजल अति महत्वपूर्ण मूलभुत सुविधा में शामिल है। हमारा दायित्व है कि हम नगर के नागरिको से नियमित रूप से निर्धारित समय पर साफ, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करावें तथा वार्डो में नागरिको द्वारा कि जाने वाली किसी भी प्रकार की समस्या का मौके पर ही तुरन्त निराकरण किया जावें तथा आप लोग प्रतिदिन अपने अपने वार्डो का निरीक्षण करे ताकि कही कोई पाईप लाईन लीकेज तो नही है उसे निकाय के कर्मचारियों को तुरन्त बताकर मरम्मत करावें साथ ही वार्डो में खुले नलो में टोटिया लगाकर उन्हे बंद करे साथ वार्डवासियों को पानी के दुप्रयोग को रोकने के लिये नागरिको को प्रेरित करे एवं पानी के महत्व को समझायें साथ ही आप अपने अपने वार्डो में विशेष कर अवैध नलो को का निरीक्षण बंद करावें आप अपने कार्य के प्रति पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जावेगी। उन्होंने निकाय के उपयंत्री पवन कुमार गर्ग को निर्देश दिये की आप वार्डो में पाईप लाईन नेटवर्क, पानी की ओव्हर हेण्ड टंकियों, वाल्को वितरण प्रणाली की समग्र जांच कर समस्यों का निराकरण करावें तथा लीकेज मरम्मत पर विशेष ध्यान देकर मरम्मत करावें तथा समय समय पर पम्पो दवाईयो का छिडकाव करायें ताकि नागरिको को शुद्ध जल मिल सकें। इस अवसर पर जलप्रदाय लिपिक कृष्ण गोपाल शर्मा, सखावत अली एवं मोहम्मद शफी (मुन्ना कांजी) सहित समस्त वार्डो के पम्प चालक उपस्थित रहे।

---

# 6 स्थानों पर लगेंगे स्क्रीनिंग कैम्प अस्पताल में होंगे मोतियाबिंद के ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत 6 स्वास्थ्य संस्थाओं पर नेत्र परीक्षण शिविर लगाये जायेगे तथा इन शिविरो के माध्यम से चिन्हित नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन जिला चिकित्सालय श्योपुर में निशुल्क किये जायेगे।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु नेत्र रोगियों का चिन्हांकन करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढोढर में 08 जनवरी को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कराहल में 15 जनवरी को, जिला चिकित्सालय श्योपुर में 20 जनवरी को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दांतरदा में 22 जनवरी को, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर में 27 जनवरी को एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में 30 जनवरी को शिविर आयोजित किये जायेगे।

नेत्र रोग चिकित्सक, नेत्र सहायको द्वारा मरीजों की स्क्रीनिंग कर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया जावेगा, इन शिविरो में चिन्हित नेत्र रोगियों के ऑपरेशन अगले दिन जिला चिकित्सालय श्योपुर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ जीके गोयल द्वारा किये जायेगे। मध्यप्रदेश सरकार की अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद वरिष्ठजन, बुजुर्गो को उनके आवागमन के लिए प्रति हितग्राही राशि 200 रुपये के मान से प्रदाय की जायेगी।

---

# शंकरपुर में झगड़ा, क्रॉस मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



मानपुर थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर में जमीनी रंजिश को लेकर दो परिवार के लोगों के बीच झगडा हो गया। इस विवाद में दोनो तरफ से चार लोग जख्मी हो गए। जिन्हें नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बलराम मीणा पुत्र धर्मराज मीणा निवासी शंकरपुर की रिपोर्ट पर मेहरबान मीणा,संपती बाई के खिलाफ तथा संपती बाई पत्नी बाबूलाल मीणा की रिपोर्ट पर राम बहादुर, सुनीता के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

---

## शहर में निकाला विशाल चल समारोह

# हर्षोल्लास से मना महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्री देवी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



महिला शिक्षा की अग्रदूत माने जाने वाली सावित्री फुले की जयंती माली सैनी कुशवाहा समाज ने हर्षोल्लास से मनाई। इस दौरान जिला मुख्यालय पर विशाल चल समारोह निकाला गया जो शहर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुजरा।

वैसे तो सावित्री देवी फुले की जयंती जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई गई। गांव-गांव में माली कुशवाहा समाज ने सावित्री देवी फूले के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए। इस क्रम में विजयपुर, बड़ौदा और श्योपुर में मुख्य समारोह भी आयोजित हुए जिला मुख्यालय पर विशाल चल समारोह निकाला गया जो शहर के बडौदा रोड स्थित रामद्धारे से आरंभ होने के बाद विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुजरा इस दौरान शहर वासियों ने चल समारोह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जल समारोह में शामिल माली समाज के लोग नाचते झूमते और सावित्री देवी अमर रहे ज्योतिबा फुले अमर रहे के नारे लगाते चल रहे थे।

---

# आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के एकीकृत बस स्टैंड स्थित श्री आनंदेश्वर महादेव मंदिर पर 5 जनवरी सोमवार से श्रीमद भागवत कथा ज्ञान य़ज्ञ का आयोजन शुरू होगा। जिसकी शुरूआत कलश यात्रा के साथ होगी। कलश यात्रा सोमवार को सुबह 9 बजे श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होगी। कलश यात्रा गाजेबाजे के साथ प्रमुख मार्गो से होते हुए कथास्थल पर पहुंचेगी,जहां कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी शास्त्री अपनी मधुरवाणी से कथा का रसपान कराएंगे। कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे किया जाएगा। कथा का आयोजन 12 जनवरी तक किया जाएगा। आयोजको ने सभी धर्मप्रेमी लोगो से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिदिन कथास्थल पर पहुंचकर कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

---

## नपा में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में काम करता था युवक

# तीन दिन से लापता युवक का नहर में मिला शव,युवक खुद गिरा या उसे किसी ने गिराया,पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



तीन दिन से लापता बने एक आउटसोर्स कर्मचारी का शव शनिवार को ढोढर थाना क्षेत्र स्थित चंबल दाहिनी मुख्य नहर से बरामद किया गया है। मृतक नगर पालिका में आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में पीएम आवास योजना में जियो टेंगिग का काम कर रहा था। युवक किन परिस्थितियों के बीच चंबल नहर में गिरा,उसे किसी ने जानबूझकर चंबल नहर में गिराया है,या फिर वह खुद ही कूद गया है, युवक के पैर फिसलकर नहर में गिरने की बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को चंबल नहर से बरामद किए जाने के बाद पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक मृतक युवक आफताब खान 30 वर्ष यूं तो बडौदा कस्बे का रहने वाला है,लेकिन वह फिलहाल श्योपुर में ही निवास करता है। वह नगर पालिका श्योपुर में पीएम आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों की जिओ टेंगग करने का काम आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में काम करता था,उसकी आउटसोर्स पर नियुक्ति ग्वालियर स्तर से ही थी। 31 दिसंबर की शाम को वह अचानक घर से लापता हो गया। एक जनवरी की सुबह परिवार के लोगों ने उसके गुम होने की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी,तभी शनिवार की सुबह ढोढर थाना क्षेत्र स्थित चंबल दाहिनी मुख्य नहर में एक युवक का शव बहते हुए जाने की सूचना मिली। इस सूचना के बाद ढोढर थाना पुलिस के बाद कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची, तफ्तीश के दौरान चंबल नहर से मृत अवस्था में निकाले गए युवक की पहचान आफताब खान 30 वर्ष के रूप में हुई। इस संबंध में कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान का कहना है कि फिलहाल युवक के शव का पीएम कराकर उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### नोटिस को लेकर तनाव में था मृतक

बताया जा रहा है कि मृतक युवक आफताब खान एक नोटिस मिलने को लेकर तनाव में चल रहा था। दरअसल 4 दिसंबर को उसे यह नोटिस ग्वालियर से उस विभाग के कार्यालय से मिला था,जिस विभाग के द्वारा उसे आउटसोर्स के जरिए नियुक्त कर रखा था। बताया जा रहा है कि यह नोटिस पीएम आवास योजना के तहत बनने वाले सभी आवासों की जिओ टेगिंग करनी थी और 4 जनवरी तक सारा टारगेट पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया था तथा टारगेट पूरा न किए जाने पर उसे सेवा से पृथक करने की चेतावनी भी दी गई है। इसलिए चर्चा है कि वह कहीं इस टारगेट के तनाव को लेकर तो चंबल नहर में नहीं कूद गया। मृतक युवक पर ही अपने घर की सारी जिम्मेदारी थी,क्योंकि मृतक के पिता की मौत हो चुकी है।

### इधर बड़ौदा में बालक की करंट लगने से मौत

श्योपुर। बडौदा कस्बे में शनिवार की सुबह एक बालक की करंट लगने से मौत हो गई। बालक को करंट उस समय लगा,जब खेल खेलते हुए पेड पर चढ गया। पेड के समीप से होकर गुजरी बिजली लाइन ने बालक को अपनी चपेट ले लिया। पुलिस के मुताबिक बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 15 निवासी सूरज 14 वर्ष पुत्र धर्मा आदिवासी शनिवार को अपने घर के आसपास रहने वाले बच्चों के साथ खेल रहा था। खेल खेलते हुए वह पास ही लगे शीशम के पेड पर चढ गया। पेड के समीप से 11 केव्ही बिजली लाइन गुजरी है। सूरज पेड की जिस डाली पर चढा,वह झुकते हुए बिजली लाइन से टच हो गई और इसी दौरान उसे करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। जिसके बाद वहां मौजूद लोगो में अफरा तफरी मच गई। हादसे की सूचना देने के बाद बिजली की सप्लाई बंद की गई,इसके बाद बालक के शव को पेड से नीचे उतारा गया और फिर बडौदा थाना पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया।

---

## तहसील न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

# खातौली तिराहा से हटाया गया अतिक्रमण प्रशासन माइनिंग टीम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




निजी और अवैध रूप से काटी गई कॉलोनियों के बाद सरकारी जमीनों से हटाए जा रहे अतिक्रमण के क्रम में शनिवार को प्रशासन की जैसीबी खातौली तिराहा पर गरजी यहां पर मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी भूमि पर हो रहे अस्थाई कब्जे को हटाने की कार्रवाई की जिला प्रशासन और माइनिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इस कार्रवाई में जहां दो दर्जन गुमठियां हटाई गई वहीं करीब 40 लाख रुपए के पत्थर कोटा स्टोन इत्यादि माइनिंग विभाग ने जब्ती में लिए। यह कार्यवाही तहसील न्यायालय के आदेश पर की गई है जिसके तहत अतिक्रामकों को पहले नोटिस जारी किए जिसकी समय सीमा गुजरने पर अतिक्रमण हटाया गया।

शनिवार को दिन के करीब 11:00 बजे दलबल के साथ पहुंची तहसीलदार मनीषा मिश्रा एवं अमले ने कार्रवाई से पहले एक बार और वहां अतिक्रमण जमा कर बैठे लोगों को अपना सामान हटा लेने की चेतावनी दी इस दौरान दो दर्जन से अधिक गुमठी वाले स्वेच्छा से अपना सामान और गुमठी वहां से हटाकर ले गए लेकिन मैदान में जमीन पट्टी फरसी कोटा स्टोन इत्यादि मकान बनाने का मटेरियल नहीं हटाया जा सका जिसे माइनिंग विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है कब्जे में लिए गए पत्थर की कीमत करीब 40 लाख रुपए बताइए जा रही है।

### वक्फ ओर ओकाफ का है विवाद

जिस जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है उस जमीन के पास ही वक्फ़ एवं औकाफ विभाग का विवाद चल रहा है और औकात की ओर से जलालुद्दीन मजार के पुजारी नियुक्त है जबकि मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने अपनी मुतवल्ली कमेटी गठित की हुई है जिसके सदर मिर्ज़ा आरिफ़ बैग है। जमीन वक्फ़ की ज़मीन सर्वे क्रमांक 27/8 है जिस पर 20 पक्की दुकानें बनी हुई हैं जिस पर हाई कोर्ट के डबल बेंच के निर्देश एवं वक्फ ट्रिब्यूनल से वक्फ कमेटी को स्टे प्राप्त है। प्रशासन में इसकी पालना करते हुए भूखंड क्रमांक 27/3, 27/7 एवं 27/12 पर से अतिक्रमण हटाया है जबकि 27/8 को छुआ तक नहीं है।

---

# अनुमति न होने से तलघर निर्माण पर रोक लगाई



श्योपुर। तहसीलदार मनीषा मिश्रा एवं नगरपालिका सीएमओ राधेरमण यादव द्वारा शहर के शिवपुरी रोड पर राधा गुप्ता पत्नि गिर्राज गुप्ता द्वारा बनाये जा रहे तलघर को विधिवत अनुमति न होने से रोकने की कार्यवाही की गई है। तहसीलदार एवं सीएमओ द्वारा अमले के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रूकवाया गया। इस संबंध में विधि अनुसार कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान पटवारी पुरूषोत्तम राठौर, उपयंत्री पवन गर्ग मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### पेटी में रखे 30 हजार रुपए चुराए, केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी राजा गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदेही राधेश्याम केवट उम्र 21 साल उसके घर में रखी हुई पेटी के अन्दर से नगदी 30 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।

### मकान के स्टोर रूम से अज्ञात चोर ले गए माल

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत चन्देरी निवासी संदीप जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके निर्माणाधीन मकान गली नम्बर 2 से कोई अज्ञात आरोपी मकान के स्टोर रूम से लाइट व फिटिंग सामग्री चोरी कर ले गया।

### महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत शाढौरा निवासी रीना पत्नी भरत अहिरवार उम्र 32 साल निवास स्टेशन रोड शाढौरा ने अपने ही घर में लकडी की बल्ली में लगे पंखे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है

### भोपाल में इलाज के दौरान महिला मृत

**अशोकनगर।** स्थानीय वायपास रोड युगलसरकार मंदिर के सामने पिछले दिनों एक कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी । इस घटना में बाईक चला रहे मौतीलाल बाल्मीक की मौत हो गई थी। जबकि उसकी पत्नी विद्यावाई और उसकी 5 वर्ष की पुत्री बुलबुल को घायल अवस्था में उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया था। जहां पत्नी विद्यावाई ने भी दम तोड दिया। यह घटना उस समय हुई थी जब मौतीलाल बाल्मीक शहर से सामान लेकर यादव कॉलोनी स्थित अपने घर जा रहे थे तभी कार ने उन्हे टक्कर मार दी थी। इसमें पति पत्नी दोनों की मौत हो चुकी है।

### फांसी पर लटका मिला अधेड़, जांच की गई शुरू

**पिपरई** पिपरई थाना क्षेत्र अंतर्गत देरसा गांव में एक 50 वर्षीय अधेड़



ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान जशरथ अहिरवार के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की बताई जा रही है। बताया गया कि रात को परिवार के सदस्य भोजन करने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान जब जशरथ के कमरे का दरवाजा खोला गया तो वह अंदर से बंद मिला। खिड़की के ऊपर लगे जंगले से देखने पर जशरथ को तोलिए के फंदे पर लटका हुआ पाया गया। परिजनों ने तत्काल तोलिया काटकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## परिजनों ने 6 घंटे जाम लगाया, हत्या का मामला दर्ज, 3 आरोपी गिरफ्तार

# प्लॉट विवाद में घसीट-घसीटकर वृद्ध की मारपीट कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई

जिला मुख्यालय से 32 किलोमीटर दूर पिपरई मुख्यालय पर एक प्लॉट के विवाद को लेकर 60 वर्षीय वृद्ध की घसीट घसीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में परिजनों ने आरोपियों पर मामला दर्ज किए जाने की मांग को लेकर पिपरई के चिकमंगलूर चैराहे पर जाम लगाया, 6 घण्टे तक जाम लगा रहा। फरियादियों को हत्या का मामला दर्ज कराने के लिए 6 घंटे का इंतजार करना पड़ा। पुलिस ने इस घटना में हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कस्बे के चिकमगलूर चौराह के पास प्लॉट विवाद को लेकर एक 60 वर्षीय बुजुर्ग को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात्रि की है कि चिकमंगलरू चैराहा निवासी कल्लू अहिरवार को कुछ लोगों ने रात के समय पीटा और घसीटा, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत उसके घर में हो गई। मारपीट और घसीटने से कल्लू अहिरवार का चेहरा सूज गया था। उन्हें घसीटते हुए के समय का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बुजुर्ग के गुप्तांग में भी चोट लगी थी। कल्लू अहिरवार को रात में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने रामलीला मैदान के पास शव को सुबह आठ बजे से ले कर दोपहर दो बजे तक रखकर चक्काजाम कर दिया। उन्होंने आरोपियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग की।

यह हंगामा काफी देर तक चलता रहा। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ओपी मिश्रा, मुंगावली थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह,







सहराई थाना प्रभारी धर्मेश दांगी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। कुछ देर बाद मुंगावली एसडीएम इसरार खान नगर परिषद सीएमओ अशोक वर्मा, नगर परिषद विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से बात की।

**चक्का जाम के बाद पुलिस ने सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर की कार्यवाही** परिजनों के चक्काजाम के बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें कुछ लोग कल्लू अहिरवार के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने जगदीश कोरी, प्रेमनारायण कोरी, सर्जन कटारिया सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। लगभग 6 घंटे तक चले इस चक्काजाम के दौरान छोटे वाहन गलियों से निकलते रहे। जाम हटने के बाद आवागमन सामान्य हो सका। घटना के संबंध में बताया गया है कि जगदीश कोरी और कल्लू अहिरवार के बीच पहले भी विवाद हुआ था। रात के समय जगदीश, प्रेमनारायण और सर्जन कटारिया तीनों कल्लू अहिरवार के प्लॉट पर लकड़ियां डाल रहे थे, तभी यह विवाद हुआ। कल्लू अहिरवार अकेला रहता था। तीनों ने मिलकर बुरी तरह से पीटा था।

**जाम लगाने के दौरान आरोपियों के यहां बुल्डोजर कार्यवाही की मांग की गई** पुलिस ने बताया कि रात के समय विवाद के बाद दोनों पक्षों में बातचीत के बाद सहमति बन गई थी, जिस वजह से किसी पर कार्यवाही नहीं हुई थी ओर प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार कराकर घर भेज दिया। परिवार बालों की मांग पर गैर इरादान हत्या का नाम हत्या का मुकदमा दर्ज करने, मुजरिम के घर पर बुलडोजर चलाए जाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ ने मृतक को गंभीर चोट होने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर क्यू नहीं किया। सहित अन्य मांगों पर परिवारजन अड़े रहे।

**तीन हिरासत में...**

पिपरई में प्लॉट के विवाद को लेकर मारपीट की घटना में एक की मौत हो गई थी, पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही थी लेकिन वीडियो फुटेज सामने आने के बाद यह कार्यवाही की गई है। तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

**राजीव कुमार मिश्रा**, एसपी अशोकनगर

## बीना कपः दसवें दिन दमोह और खुरई का रहा दबदबा



**बीना।** बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित स्वर्गीय पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट के दसवें दिन 4 रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि एसडीओपी नितेश पटेल व थाना प्रभारी अनूप यादव रहे। जिन्होंने पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। दसवें दिन का पहला मैच पटवारी क्रिकेट क्लब दमोह और विल्धव के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दमोह ने 156 रन बनाए, जवाब में विल्धव कुल 32 रन ही बना सकी। दूसरा मैच खुरई और महरौनी के बीच हुआ। खुरई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 102 रन बनाए। जबकि महरौनी 78 रन पर सिमट गई। तीसरा मैच दूसरे राउंड का पटवारी दमोह और मंडीबामोरा के बीच खेला गया। जिसमें मंडीबामोरा ने पहले बल्लेबाजी कर दस ओवर में 39 रन बनाए। जवाब में दमोह ने 4 ओवर में ही लक्ष्य हासिल किया मैन ऑफ द मैच कुलदीप रहे, जिन्होंने 5 विकेट लिए। चौथा मैच दमोह और केसीसी खुरई के बीच हुआ। टूर्नामेंट में मुख्य रूप से तहसीलदार अंवर पंथी, नपा सीएमओ राहुल कौरव, नायव तहसीलदार हेमराज मैहर, एई विद्युत मंडल बीएस तोमर, नीरज मालवीय विद्युत विभाग व अधिकारीगण उपस्थित रहे। अंपायर राजेश मिश्रा, महेंद्र यादव रहे। मैच में कामेंटर अकरम अली, अनिल शर्मा एवं स्कोरर, रोहित चढार, नीतेश वर्मा, राघव लिटोरिया रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

# छात्राओं ने हेयर कटिंग और हेड मसाज का लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को उन्नत सौंदर्य तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शनिवार को सत्र में मुख्य रूप से वैक्सिंग, फेशियल, हेयर कटिंग और हेड मसाज (सिर की मसाज) पर केंद्रित जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान ब्यूटी पार्लर संचालक एवं प्रशिक्षिका प्रीति माली ने छात्राओं को बालों की विभिन्न कटिंग शैलियों और त्वचा के प्रकार के अनुसार फेशियल करने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस तरह से हेड मसाज के जरिए तनाव को कम किया जा सकता है और वैक्सिंग की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक कैसे संपन्न किया जाए। सहयोगी प्रशिक्षिका पूजा माली ने भी छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण में सहयोग किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वर्तमान समय में ब्यूटी पार्लर का क्षेत्र स्वरोजगार के लिए अपार संभावनाएं रखता है। वैक्सिंग और हेयर कटिंग जैसे बुनियादी कौशल सीखकर छात्राएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकती हैं। कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने बताया कि प्रशिक्षण में छात्राओं की रुचि निरंतर बढ़ रही है। आज के इस विशेष सत्र के दौरान प्रशिक्षण ले रही सभी छात्राएं उपस्थित रहीं और उन्होंने उत्साहपूर्वक इन विधाओं को सीखा। इस अवसर पर डॉ उमा लवानिया, मृणालिनी मिश्रा, डॉ निशि भदौरिया उपस्थित रहीं।

### पति की हत्या के बाद पत्नी सरपंच बनी उपचुनाव में वर्षा को मिले 667 मत



**बीना।** देवल ग्राम पंचायत में सरपंच की हत्या के बाद उसकी पत्नी को गांव वालों ने भारी बहुमत से जिताया है। जीत के बाद गांव के सभी लोगों ने सरपंच के घर पहुंचकर उनके पति को श्रद्धांजलि दी। जानकारी अनुसार सरपंच की हत्या होने के बाद 29 दिसंबर को बीना जनपद पंचायत की देवल ग्राम पंचायत का उप निर्वाचन हुआ था। शुक्रवार को तहसील कार्यालय में मतगणना हुई। बीना तहसीलदार अंबर पंथी ने बताया कि देवल ग्राम पंचायत में मृतक सरपंच लाखन सिंह यादव की पत्नी वर्षा यादव को 667, लखनलाल तिवारी को 257 और बेटी बाई पति चंद्रभान सिंह यादव को 230 और नोटा को 29 वोट प्राप्त हुए हैं। गौरतलब है कि देवल ग्राम पंचायत के सरपंच लाखन सिंह यादव जब 4 सितंबर 2025 को बाइक से बीना से अपने गांव लौट रहे थे तभी भानगढ़ रोड पर चार पहिया वाहन से कुचलकर उनकी हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद पत्नी ने सरपंच का चुनाव लड़ा और उनकी भारी बहुमत से जीत हुई है। जीत का जश्न न मनाते हुए ग्रामीण सरपंच के घर पहुंचे और लाखन सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग को 16 घंटे में दस्तयाब कर परिजन को सौंप दिया

**अशोकनगर।** सेहराई पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिक बालिका को 16 घण्टे में दस्तयाब किया है। उल्लेखनीय है कि 31 दिसम्बर को फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के घर से बिना बताये कही चले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। जिस पर अप. क्र. 247/25 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की संवेदनशीलता एवं गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल टीम गठित की गई थी। थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी सेहराई उनि. धर्मेश दांगी द्वारा नाबालिग बालिका की त्वरित दस्तयावी हेतु तकनीकी संसाधनों एवं मुखविर तंत्र का सक्रिय किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मात्र 16 घण्टे में नाबालिग बालिका को रातीखेडा रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया गया।

## शुक्रवार को अस्पताल में महिला ने दिया था मृत शिशु को जन्म

# साईधाम कॉलोनी के पास थैले में मिला नवजात शिशु का शव, परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर के साई धाम कॉलोनी में उस समय हड़कंप मच गया जिस वक्त साड़ी में लिपटा हुआ थैले के अंदर रखा एक नवजात शिशु का शव कॉलोनी के नजदीक रेलवे लाइन के पास मिला। नवजात शिशु के शव की जानकारी लगते मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ ही समय में सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द किया।

### पंचनामा बनाकर की गई आगे की कार्रवाई

शनिवार सुबह थाना अंतर्गत साई धाम कॉलोनी निवासी विपिन सिंह ने एक नवजात के शव को थैले के अंदर पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद प्रधान आरक्षक पवन परिहार मौके पर पहुंचे और उन्होंने देखा कि एक नवजात शिशु का शव साड़ी में लिपटा हुआ थैले के अंदर रखा हुआ था। जिसके पैर में स्याही लगी हुई थी, जो हाल ही में पैदा हुआ था। शव मिलने के बाद मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया गया और परिजनों को खोजने के बाद सिविल अस्पताल पहुंचकर शव का पीएम कराने के बाद शव को परिजनों को सुपुर्द किया गया।



**महिला ने मृत नवजात को दिया था जन्म**

प्रधान आरक्षक पवन परिहार ने बताया शुक्रवार शाम करीब 4 बजे सिविल अस्पताल बीना में ग्राम ढांड निवासी एक महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया था। जिसे उसी रात परिजनों के द्वारा साड़ी में लपेटकर साई धाम कॉलोनी स्थित खाली मैदान में एक छोटे से गड्ढे में दफन कर दिया था। जो सही तरीके से दफन नहीं होने के कारण आवारा कुत्तों के द्वारा गड्ढे से बाहर निकाल लिया गया। शव थैले में पैक होने के कारण वह सुरक्षित रहा। जिसे देख लोगों ने पुलिस को जानकारी दी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया।

## सुधांशु यादव, आदित्य शांडिल व लक्ष्मण सिंह मीणा की सजगता

# बरुआ नाला में वन संरक्षण की मिसाल, अवैध रूप से की जा रही गतिविधियों पर करारा प्रहार, माफिया में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

वन भूमि को अतिक्रमण और अवैध दोहन से मुक्त कराने के लिए करैरा वन परिक्षेत्र में जो सख्त और प्रभावी कार्रवाई देखने को मिली है, वह निश्चित ही प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। वन मंडल अधिकारी सुधांशु यादव, उप वनमंडल अधिकारी आदित्य शांडिल एवं रेंजर लक्ष्मण सिंह मीणा के कुशल नेतृत्व और सक्रिय निगरानी में बरुआ नाला क्षेत्र में वन संरक्षण की एक मजबूत मिसाल कायम हुई है।आज किए गए अचौक निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विगत दिनों हुई अतिक्रमण बेदखली कार्रवाई के बाद की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह सामने आया कि कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः वन भूमि में अवैध रूप से सिंचाई की जा रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वन अमले ने बिना किसी विलंब के इंजन पंप जब्ती की कार्रवाई की और अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई इस पूरी कार्रवाई में वन मंडल अधिकारी सुधांशु यादव की दूरदर्शिता और स्पष्ट प्रशासनिक दृष्टि देखने को मिली। उन्होंने न केवल मौके पर स्थिति का आकलन किया, बल्कि यह भी स्पष्ट निर्देश दिए कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई वन भूमि पर भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैधानिक उपयोग न होने पाए।



उनका यह स्पष्ट संदेश रहा कि वन संरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी वहीं उप वनमंडल अधिकारी आदित्य शांडिल ने कार्रवाई का कुशल समन्वय करते हुए अमराह क्षेत्र में जब्ती की प्रक्रिया को विधिसम्मत ढंग से संपन्न कराया। उनकी कार्यशैली में प्रशासनिक सख्ती के साथ-साथ नियमों के प्रति गहरी समझ और जिम्मेदारी साफ झलकती है।

रेंजर लक्ष्मण सिंह मीणा ने मैदानी स्तर पर टीम का नेतृत्व करते हुए कार्रवाई को प्रभावी ढंग से अंजाम दिलाया। उनकी सतर्कता, सक्रियता और क्षेत्र की गहन जानकारी के कारण वन अमले ने अवैध सिंचाई को तुरंत पकड़ा और आवश्यक वैधानिक कदम उठाए। परिक्षेत्र सहायक अजीत धाकड़ सहित समस्त वन अमले की भूमिका भी सराहनीय रही।

इस संयुक्त कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि करैरा वन परिक्षेत्र में अब अतिक्रमण, अवैध सिंचाई और वन संपदा के दुरुपयोग के लिए कोई जगह नहीं है। स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने तीनों अधिकारियों की इस सख्त एवं ईमानदार पहल की खुले दिल से सराहना की है।बरुआ नाला क्षेत्र की यह कार्रवाई न केवल वन भूमि की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह आमजन के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि वन कानूनों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई निश्चित है।

# देश की पहली महिला शिक्षिका की पुण्यतिथि पर की पुष्पांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा के गोपाल गार्डन में शिक्षा की जनक माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर छायाचित्र पर तिलक कर दीप प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई एवं उनके जीवन पर रामकृष्ण-घनश्याम सिंह बघेल ने प्रकाश डालते हुए कहा देश की प्रथम महिला शिक्षिका एवं नारी मुक्ति आंदोलन की अग्रदूत, महान समाज सुधारिका 'क्रांतिज्योति' सावित्रीबाई फुले ने अपने साहस, संघर्ष और दूरदर्शिता सेमानव समाज में शिक्षा, समानता व महिला अधिकारों की अलख जगाई।

उनका जीवन सामाजिक परिवर्तन एवं मानवीय गरिमा का प्रतीक है। नारी सशक्तिकरण हेतु आजीवन संघर्षरत रहीं सावित्रीबाई



फुले जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि संघर्ष और बलिदान हमें यह सिखाया हैं कि अन्याय के आगे सिर नहीं झुकना चाहिए बल्कि सत्य अहिंसा से अधिकार की रक्षा के लिए खड़े होना ही जीवन का सच्चा धर्म है। आज हम उनके आदर्शों को अपने जीवन का संकल्प बनाते हुए कहता हूँ मैं संकल्प लेता हूँ कि जीवनभर माता सावित्रीबाई जी के बताए मार्ग पर चलेंगे और शोषित, पीड़ित और दमन झेल रहे हर व्यक्ति की आवाज उठाएंगे। अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ आखिरी सांस तक लड़ते रहेंगे।

इसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे रवि सिरोलिया जितेंद्र भगत जी गोपाल गार्डन के मालिक भाई बिटू कुशवाहा जी मुकेश पाल राम कुशवाहा रवि कुशवाहा सत्येंद्र गौतम किशन कुशवाहा सोनू कुशवाह शिवरान कुशवाहा रामकृष्ण-घनश्याम सिंह बघेल जनपद सदस्य आदि माताएं बहने बुजुर्ग बच्चे उपस्थित रहे।